खबर संक्षेप

## दीपावली पर मंडला की आदिवासी महिलाओं की चित्रकारी



**मण्डला।** आदिवासी बाहुल्य जिला मंडला में इस दीपावली पर परंपरा और कला का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। यहाँ की आदिवासी महिलाएं अपनी पारंपरिक गौड़ी चित्रकारी से मिट्टी के दीये, कलश, पूजा थाली, पोस्टकार्ड, की-रिंग, पेपर वेट और अन्य सजावटी वस्तुएं तैयार कर रही हैं, जो त्यौहार की रौनक को और बढ़ा रही हैं। यह पहल हथकरघा एवं हस्तशिल्प संचालनालय भोपाल तथा जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, जिला पंचायत मंडला के सहयोग से जिला कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शाश्वत सिंह मीना के मार्गदर्शन में ग्रामीण विकास एवं महिला उत्थान संस्थान द्वारा संचालित की जा रही है। विकासखण्ड इंद्री सेक्टर में चल रहा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 अक्टूबर तक आयोजित है, जिसमें 30 आदिवासी महिलाएं भाग ले रही हैं। गौड़ चित्रकारी मंडला जिले की सांस्कृतिक पहचान है। यह कला गोंड जनजाति के जीवन-दर्शन, आस्था और प्रकृति के गहरे जुड़ाव को दर्शाती है। इस परंपरागत कला को नए रूप में सहेजते हुए, जागृति उईके, निकिता उलारी, बरखा उलारी, प्रीति धुर्वे, वंदना तेकाम, सुमन मरावी, रेखा उसराठे, सुरेखा मीना, मर्सकोल ज्योति जैसी स्थानीय महिलाएं अपने हाथों से परंपरा और सृजन का सुंदर मेल प्रस्तुत कर रही हैं। दीपावली को ध्यान में रखते हुए तैयार किए जा रहे गौड़ी चित्रों से सजे दीये, पूजा थालियां और कलश न केवल कला का उत्कृष्ट उदाहरण हैं, बल्कि इन महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक प्रेरक कदम भी हैं। हैंडमेड पेपर (A3), कैनवास (A3), की-रिंग, दीपक, पेपर वेट, रूमाल, पोस्टकार्ड ये सभी वस्तुएं विक्रय हेतु उपलब्ध हैं।

### चल समारोह में शामिल झांकियों में लोगों का मोहा मन

# विद्या महाशक्ति पीठ का विसर्जन चल समारोह

* भव्य आतिशबाजी और शानदार संगीत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी श्री सिद्ध सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति बड़ी खैरी के द्वारा स्थापित विद्या महाशक्ति पीठ का भव्य विसर्जन चल समारोह शरद पूर्णिमा के दिन भव्यता से निकाला गया। जो बड़ी खैरी से पड़ाव चिलमन चौंक, बस स्टैंड, लालीपुर, बैगा-बैगी चौंक से होते हुए रेडक्रॉस, बड चौराहा, उदय चौंक के साथ नगर भ्रमण करते हुए विसर्जन स्थल नावघाट पहुंचा जहां पर विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए मातारानी का विसर्जन किया। इस बार के विसर्जन चल समारोह में हजारों की संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुए। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर बड़ी खैरी स्थित श्री सिद्ध दुर्गोत्सव समिति द्वारा माता विद्या महाशक्ति पीठ का भव्य विसर्जन चल समारोह बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाला गया। चल समारोह का शुभारंभ दोपहर 12 बजे विद्या महाशक्ति पीठ से हुआ जहां विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद माता की प्रतिमा को सुसज्जित रथ पर विराजित कर मुख्य मार्गों से नगर भ्रमण कराया गया। जैसे ही प्रतिमा जुलूस मुख्य सडक़ों से गुजरी, श्रद्धालु फूल बरसाकर माता का स्वागत करते नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ से आई अखंड महाकाली झांकी रही जो अपने 80 साथियों के साथ यहां पहुंची थी। वहीं मशहूर सुनील ब्रश बैंड अपने 70 कलाकारों के साथ देवी गीतो को गाते नजर आए। तो नागपुर से जेबी ढोल से नगर गूंज उठा तो वहीं भूतनाथ शंकर जी की चलित झांकी ने लोगो का मन मोह लिया और लोग फोटो सैल्फी लेते नजर आए वहीं किशन डीजे 40,000 वॉट साउंड सिस्टम जिसने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरे मार्ग पर मुंबई से आए रंगोली कलाकारों ने अपनी मनमोहक कलाकृतियों से स्वागत द्वार सजाए जबकि अरिहंत इवेंट द्वारा की गई भव्य आतिशबाजी ने आसमान को रोशनी से भर दिया। समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों ने बताया कि यह चल समारोह मां के प्रति अटूट भक्ति और समाज की एकता का प्रतीक है। माता के दर्शन और विसर्जन में युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी ने पूरे हर्षोल्लास के साथ सहभागिता की। इस वर्ष विद्या महाशक्ति पीठ में मां के दस दिव्य स्वरूप मां धूमावती, मां कमला, मां काली, मां बगलामुखी, मां मातंगी, मां तारा, मां त्रिपुर सुंदरी, मां भुवनेश्वरी, मां षोडशी और मां छिन्नमस्ता की स्थापना की गई थी, जिनके दर्शन के लिए पूरे नवरात्रि के दौरान भक्तों का तांता लगा रहा। बड़ी खैरी का यह दुर्गोत्सव शारद पूर्णिमा पर अपने चरम पर पहुंचा जहां श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक उत्सव का अद्भुत संगम देखने को मिला। विद्या महाशक्ति पीठ उन देवियों में एक है जो समस्त शक्तियों की अधिष्ठात्री मानी जाती हैं। यह पीठ मां के दस दिव्य स्वरूपों का प्रतीक है जहां मां के रूप में शक्ति, ज्ञान, समृद्धि, करुणा और न्याय का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। माना जाता है कि यहां की आराधना करने से साधक को न केवल सांसारिक सुख की प्राप्ति होती है बल्कि आत्मिक शांति और सिद्धि भी प्राप्त होती है। यह स्थान भक्तों के लिए आस्था साधना और आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र बन चुका है, जहां हर वर्ष हजारों श्रृद्धालु अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए माता के चरणों में नतमस्तक होते हैं।





## रिश्वतखोरों पर कब होगा दंड तय?



* लोकायुक्त कार्रवाई के बाद भी नहीं दिख रहे ठोस परिणाम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/मवई

जिले में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। जिले में रिश्वतखोर अधिकारी व कर्मचारी खुलेआम धांधलियों को अंजाम दे रहे हैं। आए दिन समाचार पत्रों की सुर्खियों में लोकायुक्त की कार्रवाई में पकड़े जा रहे रिश्वतखोरों की खबरें सामने आ रही हैं। बावजूद इसके, नागरिक यह जानने में असमर्थ हैं कि इन पर क्या दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है।

लोकायुक्त की टीम द्वारा रिश्वत लेते पकड़े गए कई अधिकारी व कर्मचारी सामने आए हैं, लेकिन इन पर आगे की न्यायिक या प्रशासनिक कार्रवाई कहां तक पहुंची, यह आमजन को अज्ञात है। सवाल यह है कि क्या सिर्फ पकड़ना ही पर्याप्त है, या फिर दंड का कोई निश्चित विधान भी है?

जनता का कहना है कि लोकायुक्त द्वारा की जा रही कार्रवाई सिर्फ पकड़-धकड़ तक सीमित रह गई है। यदि पिछले पांच वर्षों का रिकॉर्ड उठाया जाए तो यह स्पष्ट होगा कि कई मामले लोकायुक्त के माध्यम से प्रकाश में आए, लेकिन आगे की प्रक्रिया का क्या हुआ यह जानकारी सार्वजनिक नहीं हो पा रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मंडला में सरकारी तंत्र बुरी तरह से भ्रष्ट हो चुका है। भ्रष्टाचारियों पर न तो कड़ी कार्रवाई हो रही है और न ही कोई उदाहरण स्थापित हो पा रहा है जिससे अन्य भ्रष्ट कर्मचारी-संभ्रांतों में भय उत्पन्न हो।

जनता की यह भी अपेक्षा है कि जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को लोकायुक्त द्वारा रंगे हाथ पकड़ा गया है, उन पर सख्त और त्वरित दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा कार्रवाई की स्थिति सार्वजनिक रूप से स्पष्ट की जाए, ताकि शासन-प्रशासन में पारदर्शिता आए और भ्रष्टाचार पर रोक लगे।

मंडला जिले में व्याप्त भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के लिए केवल कार्रवाई नहीं, बल्कि कठोर दंड और पारदर्शिता की भी आवश्यकता है। जनता चाहती है कि दंड का विधान स्पष्ट रूप से तय हो और उसे सख्ती से लागू किया जाए।

## जिले में 1653.2 मि.मी. वर्षा दर्ज.......

**मण्डला।** जिले में बारिश का दौर जारी है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 1653.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 4.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन मंडला में 22.6 मि.मी., बिछिया में 2 मि.मी., निवास में 2 एवं घुघरी में 2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 6 अक्टूबर तक तहसील मंडला में 1780.6 मिमी, नैनपुर में 1645.5 मिमी, बिछिया में 1657.9 मिमी, निवास में 1723.8 मिमी, घुघरी में 1497.7 मिमी एवं नारायणगंज में 1641.8 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 1615 मिमी वर्षा हुई थी।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और प्री-स्कूल शिक्षकों का संयुक्त प्रशिक्षण



**मण्डला।** राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का आयोजन जन आंदोलन के रुप में किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिले में आंगनवाडी केन्द्रों, स्कूलों में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व आशा कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं को गर्भवती, धात्री महिलाओं को प्रभावी स्तनपान, आईवाईसीएफ के घटक एवं 6 माह के बाद ऊपरी आहार के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान साक्षरता के बारे में बात कर पर्यावरण सुरक्षा संबंधित जानकारी दी गई एवं छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। विद्यार्थियों के माता-पिता के साथ समय-समय पर पेरेंट्स मीटिंग रखने की सलाह दी गई। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों को संतुलित आहार, एनीमिया नियंत्रण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई। आंगनवाड़ी केंद्रों पर ईसीसीई कार्नर बनाया गया। उक्त कार्यशाला में आंगनवाड़ी कार्यकर्तायें, सहायिकायें, पर्यवेक्षक एवं परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

## वीरांगना शौर्य प्रदर्शन एवं सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल जिलहरी घाट के द्वारा रानी दुर्गावती की जन्म जयंती पर वीरांगनाओं का शौर्य प्रदर्शन केबिनेट मंत्री संपतिया उइके के मुख्य आतिथ्य में गुरुकुल परिसर में संपन्न हुआ, जिसमें ब्रह्मचारियों द्वारा वेद पाठ, गीता पाठ,राष्ट्रीय गीत की प्रस्तुति दी गई। दिल्ली से आए आचार्य सत्यम, आचार्या अभिलाषा ने वीरांगना क्षत्राणियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में आचार्य भीमदेव, प्रीति मौर्य, सुमिता नामदेव का कुशल मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सनातन वैदिक गुरुकुल एवं गौशाला समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहा। मंत्री संपतिया उइके ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए एवं गुरुकुल के प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम में स्वामी शारदात्मानन्द, स्वामी वेदश्रवा, धर्ममुनि, मानव सेवा संस्थान जबलपुर की टीम, प्रिया धुर्वे, मंजू कछवाहा, सरिता अग्निहोत्री, वंदना अवस्थी, रंजीत कछवाहा, प्रेमलाल गुप्ता, डॉ मुकेन्द्र मौर्य, विपिन बजाज, विभू आर्य, भानु खत्री, रामचन्द्र आर्य, रामप्रसाद नरैती, दुर्गेश यादव, अवधेश टिकरिया सहित समस्त ग्रामवासी मातृशक्ति और मंडला के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## मैली एवं पड़रिया पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत मैली एवं पड़रिया पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें शासन की चलाई जा रही कल्याणकारी योजना की जानकारी एवं विकास काय की समीक्षा की गई जिसमें लोगों के समस्या के बारे में जानकारी ली गई और उन्हें शीघ्र ही समाधान करने के लिए पंचायत द्वारा निर्णय लिया गया नोडल अधिकारी तहसीलदार वीजा दांडी पटवारी अजय चौहान सरपंच सुमिया बाई उप सरपंच पार्वती समस्त पच वरिष्ठ नागरिक आदि उत्सव साथी आदि समिति आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राधा झरिया और समस्त मतदाता ग्राम पंचायत मैली के द्वारा आदियोगी अंतर्गत ग्राम सभा में सहभागिता का करते हुए ग्राम विकास योजना का अनुमोदन कराया गया जो आगमी वर्ष 20 25 एवं 26 में के आधार पर निर्माण कार्य कराई जाएगी एवं विकास को मूर्त रूप दिया जाएगा ग्राम पंचायत पड़रिया में सरपंच राजकुमार ते काम अविनाश शर्मा एवं समस्त पांच एवं ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

प्रशिक्षण | 5 दिवसीय प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचे सांसद एवं मंत्री।

# प्राकृतिक कृषि के महत्व को समझना जरुरी

* कृषि सखियों को केबिनेट मंत्री का संबोधन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



कृषि विज्ञान केन्द्र मंडला व आत्मा परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि योजना अंतर्गत कृषि सखियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के तृतीय दिवस पर प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचे।

इस अवसर पर मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि हमारे पूर्वज परंपरागत तरीके से कृषि करते थे। आज आवश्यकता है कि हम प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हों। इस कार्य में बहनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें प्राकृतिक कृषि के महत्व को समझना जरुरी है। मुझे विश्वास है कि यहाँ प्राकृतिक कृषि का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही यह बहनें अपने-अपने क्षेत्रों में इसका प्रचार कर किसान भाईयों को प्राकृतिक कृषि के विषय में न सिर्फ जागरूक करेंगी वरन स्वयं भी अपने खेतों में प्राकृतिक कृषि को अपनाएंगी। जिससे हम रसायन मुक्त कृषि की ओर बढ़ने में सफल हो सकेंगे।

सांसद श्री कुलस्ते ने कृषि सखियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप किसानों को रसायन युक्त खेती से रसायन मुक्त खेती की ओर ले जाएं। इस दौरान मंजू कछवाहा, सचिन शर्मा, संतोष जंघेला, जयदत्त झा, सहायक संचालक आरडी जाटव, उप परियोजना संचालक आत्मा अंजू कोडापे एवं कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. आरके अहिरवार ने प्रशिक्षण के दौरान कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती के मुख्य तत्वों जैसे जीवामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र, दशपर्णी अर्क आदि की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केन्द्र मंडला व आत्मा परियोजना के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय प्राकृतिक कृषि योजना अन्तर्गत आयोजित पाँच दिवसीय प्राकृतिक खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिवस जिले के 9 विकासखण्डों में चयनित कृषि सखियों के लिए आयोजित किया गया है। जिसका उद्देश्य इन्हें प्राकृतिक खेती की तकनीकों से परिचित कराना और इसके माध्यम से ग्राम स्तर पर प्राकृतिक खेती का विस्तार कर अधिक से अधिक कृषकों को प्राकृतिक खेती से जोड़ना है।

## मवई क्षेत्र में लगातार बढ़ रही पशु तस्करी पुलिस की निष्क्रियता से बढ़ा जनाक्रोश



* मवई थाना पर उमड़ा युवा जनसैलाब।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला/मवई

मवई क्षेत्र में लगातार हो रही पशु तस्करी के खिलाफ युवाओं का गुस्सा अब सड़कों पर साफ दिखने लगा है।

रविवार को दिए गए विरोध के बाद आज दूसरे दिन सोमवार को भी सैकड़ों युवा पुनः मवई थाना पहुंचे, और प्रशासन के प्रति गहरा रोष व्यक्त किया। युवाओं ने थाना परिसर में नारेबाज़ी करते हुए पुलिस प्रशासन से तत्काल कार्यवाही की मांग की। उनका कहना था कि मवई क्षेत्र में आए दिन रातों को पशु तस्करी खुलेआम जारी है, और पुलिस की नाक के नीचे से तस्कर ट्रकों में मवेशियों को भरकर ले जा रहे हैं।

ग्रामीण युवाओं का आरोप है कि शिकायतों और सूचना देने के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक किसी भी ठोस कदम या गिरफ्तारी नहीं की गई है। युवाओं ने यह भी चेतावनी दी कि यदि आने वाले दिनों में पशु तस्करी पर रोक और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़ा आंदोलन करने को विवश होंगे। थाना परिसर में मौजूद युवाओं की भारी भीड़ को देखकर प्रशासन में हलचल मच गई। युवाओं का कहना था कि यह लड़ाई किसी धर्म या राजनीति की नहीं, बल्कि निर्दोष और मौन प्राणियों की रक्षा की है।

ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा - अगर पुलिस प्रशासन अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा सकता, तो मवई के युवा अब खुद सड़कों पर उतरकर न्याय दिलाएंगे।

# तेज धूप की तपन सहित बारिश की मार झेलने के उपरांत अब कैसे मना पायेंगे यह गरीब अपने अधूरे पड़े आशियानों में अपनी दीवाली की खुशियां...

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** इस समय देखा जा रहा है कि जहां लोग दीवाली की तैयारियों में मग्न होते हुये अपने घरों में अनेक प्रकार के रंगों के माध्यम से पुताई करते हुये उन्हें नया रूप देने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। मगर उन गरीबों को ओर शायद ही किसी का ध्यान नही जा रहा है जिनके पास कच्चे मकान होने के बाद भी वह प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिये अधिकारियों के चक्कर काटते हुये देखे जा रहे है तथा जिनके अंधूरे पड़े हुये आशियानों के बीच जहां बीते हुये महिनों में धूप की तेज तपन से लेकर घनघोर बारिश के मार झेलते हुये किसी भी प्रकार से अपने दिन तो गुजार दिये गये है। मगर अब उन्हें आने वाली दिनों में हाड मांस को जमा देने वाली ठंड का भय अभी से सताने लगा है..? वही दूसरी ओर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिस प्रकार से साधन संपन्न घरों में महिलाओं द्वारा अपनी दीवाली की तैयारियों के चलते अपने घरों को सजाने में जुटी हुई देखी जा रही है। तो दूसरी गौर किया जावे तो जब चुनावी बेला आती है तो उस दौरान प्रतिदिन सेवा का भरोसा दिलाने वाले सफेद पोषाख में गांव गांव घूमने वाले इन नेताओं को शायद ही कभी इन गरीबों की खोज खबर लेते हुये देखा गया हो..? नील कंड के स्वरूप में घूमने वाले इन लोगों को शायद ही कभी आमजन के बीच यह बात कहते हुये सुना गया हो कि काय भैया आप लोगों को कछु परेशानी का सामना तो नही करना पड़ रहा है। मगर जब चुनावी माहौल शुरू होता है उस दौरान तो मानों इन नील कंड रूपी सफेद पोषाख धारियों के लिये क्षेत्र की जनता भगवान बनने से नही चूकती है। उस दौरान यह दिन रात गांव गांव भ्रमण करते हुये लोगों की पूजन करने के लिये भी तत्पर रहने से नही चूकते है और अब उनके दर्शन दुर्लभ होने से नही चूक रहे है..? इस







तरह समय निकल जाने वाले बाद इन गरीबों की किसी तरह से कोई खोज खबर लेने वाला नही है जिसके चलते गांवों में रहने वाले उन गरीबों के आशियानों की स्थिति तो इस प्रकार से बनी हुई है कि उनको रंग रोगन से सजाने की बात तो दूर लम्बे समय से जर्जर स्थिति में पहुंचे अपने कच्चे आवासों में पन्नी के भरोसे या फिर अधूर पड़े होने के कारण रहना भी संभव नही हो पा रहा है। बताया जाता है कि शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक गरीबों द्वारा शासन द्वारा चलाई जा रही आवास योजना की सूची में शामिल होने के कारण शहरी क्षेत्रों में नपा व ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद द्वारा अनेक लोगों के खातों में पहली किस्त की राशि तो प्रदान की गई तो अनेक लोग सिर्फ इंतजार में भी अपने दिन गुजारते हुये दिखाई दे रहे है..? इस स्थिति चलते उनके द्वारा अपने खस्ता हाल पुराने आशियानों को इस सोच के साथ तोड़ डाला कि उन्हें शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली राशि से चंद दिनों के बाद शीघ्र की पक्के व अच्छे आशियानों में अपने बच्चों के बीच खुशियाँ मनाने की मौका मिल जावेगा। मगर यह सोच इन गरीबों के लिये एक सपना ही बनकर रहने से नही चूक पाई जिसके चलते गरीबों के घरों में दीवाली की खुशियाँ अधूरी दिखाई देते हुये जान पड़ रही है...? इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि देश के प्रधान मंत्री द्वारा जिस सोच को ध्यान में रखते हुये इस योजना की शुरूआत की गई थी उसका यदि सही रूप से पालन हुआ होता तो गरीबों के चेहरों पर खुशियाँ दिखाई देने से नही चूक पाती। मगर अधिकारियों की मिली भगत के चलते इस योजना मे हुये बंदर बाट का परिणाम है कि सही पात्र हितग्राही आज भी योजना के लिये भटकते हुये देखे जा रहे है। वही सभी प्रकार से परिपूर्ण साधन संपन्नों की जरूर पक्की मकान इस योजना के माध्यम से बहुमंजित बनते हुये देखे जा रहे है..? बताया जाता है कि इन गरीबों को बीते हुये लम्बे समय से आवास योजना के तहत मात्र एक किस्त मिलने के उपरांत दूसरी कुछ लोगों को तीसरी किस्त अभी तक नही मिलने की स्थिति में उनके द्वारा इंतजार करते हुये महिनों का समय बीते जाने के कारण जहां इन गरीबों के आवास अधूरे पड़े हुये है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से इन गरीबों द्वारा अनेकों पर जिम्मेदार अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों के समझ अपनी गुहार लगा चुके है। मगर इस ओर न तो अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही अन्य जिम्मेदार माने जाने वाले लोगों द्वारा जिसके चलते इन गरीबों की जिन्दगी खुले आसमान के नीचे व्यतीत होते हुये दिखाई दे रही है। इस तरह से पन्नी की झोपड़ी सहित कच्चे खस्ताहाल मकानों में अपनी जिन्दगी काट रहे इन गरीाबों के लिये शायद आने वाली दीवाली का महत्व की शून्य होकर रहने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। अनेक गरीबों की स्थिति तो इस प्रकार से देखी जा रही है कि उनके द्वारा किराये के मकानों में इस उम्मीद के चलते डेरा रख लिया गया था कि उनका आवास शीघ्र ही निर्मित हो जावेगा और वह एक दो माह में ही अपनी आवास में पहुंच जावेगे। मगर पात्र होने के बाद भी आवास योजना में शामिल नही हो पा रहे है और जो लोग शामिल हो भी गये है तो उन्हें समय पर किस्त नही मिल पाने से भटकने के लिये मजबूर हो रहे है..। प्रधानमंत्री आवास योजना के शुरूआत से लेकर अब तक लाभ लेने वाले हितग्राहियों की सूक्ष्मता के साथ जांच कराई जावे तो निश्चित तौर से चौकाने वाली सच्चाई उजागर होने से नही चूक पायेगी।

## प्रत्येक शुगर मिल के पास शासकीय तुलाई काटा लगाये जाने की उठ रही मांग



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

लगातार परेशानियों से जूझ रहे किसानों की सच्चाई इस प्रकार से देखी जा रही है कि जहां उन्हें हर संभव मदद करने का भरोसा तो दिलाया जाता है। मगर वह भरोसा मात्र मंचों तक ही सीमित रहने से नही चूक पाता है, जिसका परिणाम है कि क्षेत्र के गन्ना किसान हर वर्ष शुगर मिलों में शोषित होते हुये अपना गन्ना बेचने के लिये मजबूर होने से नही चूक पाता है। क्योंकि शुगर मिलों द्वारा निर्धारित किये जाने वाले तोल काटों पर किसान के गन्ने की तुलाई किस तरह से होती है इस बात की सच्चाई शायद ही किसी से छिपी हो? मगर इसे किसानों की मजबूरी कही जावे जिसके चलते वह चाहकर भी अपनी आवाज बुलंद नही कर पाते है और जो किसान अपनी आवाज बुलंद करने का प्रयास करता है उसकी आवाज को दवाने के लिये शुगर मिलों के मालिक अनेक प्रकार के प्रयास करने से नही चूकते है? इसी बात को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र के किसानों द्वारा शुगर मिलों के संचालन की शुरूआत होने के पहले ही शासन प्रशासन से मांग की जा रही है कि शुगर मिलों में गन्ने की खरीदी का कार्य शुरू होने के पहले ही प्रत्येक शुगर मिलों के पास शासकीय तोल कांटे स्थापित किये जावे जिससे किसानों का शोषण होने से बच सके। क्योंकि जब गन्ने का सीजन शुरू हो जाता है उस दौरान शुगर मिलों के संचालक पूर्ण मनमानी पर उतारू होकर किसानों के गन्ने की तुलाई में गफलतबाजी करने से नही चूकते है उस दौरान यदि किसी किसान द्वारा इस बात को लेकर आवाज उठाई जाती है तो शुगर मिल मालिकों द्वारा उसकी आवाज दबाने के लिये उसका गन्ना लेने से इंकार कर दिया जाता है या फिर इतनी देरी की जाती है जिसके चलते किसानों को मजबूर होकर अपने गन्ना फसल को ठिकाने लगाने की सोच के चलते चुप्प रहने के लिये मजबूर होना पड़ता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र के किसानों द्वारा क्षेत्र में संचालित होने वाली सभी शुगर मिलों के पास शासकीय तौल कांटे स्थापित करने की मांग उठाई जा रही है।

## कार की टक्कर से पहुंची चोट

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के पलोटज गंज में सेवन इलेवन ब्रेकरी दुकान के संचालक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपनी स्कूटी से झंडाचौक गया हुआ था तो वापिस आते समय नगर के कन्या नवीन स्कूल के सामने पहुंचा तो पीछे से आ रही एक सफेद रंग की कार क्रमांक MP04CR3824 चालक द्वारा अपनी कार को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये प्रार्थी को टक्कर मारने के साथ सड़क पर बैठे हुये गौवंश को भी टक्कर मारते हुये घायल कर दिया गया। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## युवक की मौत पर ट्रक चालक पर मामला दर्ज

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले ग्राम नांदनेर के समीपसि कमलेश पिता प्रताप सिंह मेहरा उम्र 61 की सड़क दुर्घटना में हुई मौत को लेकर पुलिस द्वारा आरोपी ट्रक क्रमांक MP 04 YF 3489 पर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# अंतराष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर बसेडिया ने किया शिक्षकों का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शिक्षक एक कुम्हार की तरह होता है जो हमारे बच्चों को घडे की भांति परिपक्क बनाते हुये उसके भविष्य को सफल बनाने की ओर अग्रसर करता है। इसी के चलते गुरू की गरिमा भगवान से भी बढ़कर बताई गई है और शिक्षक पूर्णरूप से सम्मान का अधिकारी होते है। मगर देखा जाने लगा है कि शिक्षकों के सम्मान के लिये कुछ नेताओं द्वारा राजनैतिक फायदा का धंधा बनाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इस बात की मिशाल बीते हुये 5 सितम्बर को जहां तहां शिक्षकों के सम्मान में कुछ सफेद पोषख धारियों को अपना राजनैतिक फायदा के चलते उन्हें सम्मानित करने की औपचारिकता निभाने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी..? हाँ कुछ समाज सेवी इस तरह से भी होते है जो सच्चे मन से इन शिक्षकों के महत्व को समझते हुये बगैर किसी स्वार्थ के उनका सम्मानित करने में पीछे नही रहते है। उन्हें में शामिल नगर के समाज सेवी मुकेश बसेड़िया भी है जो पूर्ण निःस्वार्थ मन से इन शिक्षकों को सम्मानित करते हुये गुरू की गरिमा का मान रखते



वर्षो से देखे जा रहे है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस विश्व शिक्षक दिवस पर समाजसेवी मुकेश बसेडिया द्वारा शिक्षा के विभिन्न नवाचारो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 शिक्षकों को पुष्प वर्षा कर स्मृति चिन्ह, कलम डायरी प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे भाजपा नेता मिनेन्द्र डागा ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र के विभिन्न नवाचारो में चयनित शिक्षकों को सम्मानित करना प्रसन्नता की बात है। शिक्षकों का सम्मान उनकी संख्या से नहीं बल्कि उनके कार्यों के आधार पर हों रहा है ये विशेष बात है। इसी प्रकार से कार्यक्रम के आयोजक बसेड़िया द्वारा अपने स्वागत भाषण मे कहा कि शिक्षक बच्चों का भविष्य बनाते है। उन्हें सम्मानित करने से गौरव की अनुभूति होती है पर सम्मान सदैव ही सार्थकता का होना चाहिए न कि संख्यात्मक स्तर पर। वही इस मौके पर व्याख्याता राजेश गुप्ता को संगीत शिक्षण, रायपुर प्राचार्य गजेंद्र कौरव को जनभागीदारी से स्कूल के बेहतर काया कल्प, मनीष शंकर तिवारी को डिजिटल नवाचार, मधुसूदन पटैल को शिक्षा के प्रचार प्रसार व नवाचार युक्त शिक्षा, राजेंद्र गुप्ता को स्कूल में बेहतर शिक्षण, मनीष श्रीवास्तव को विद्यालय में वृहद मात्रा में पौधारोपण, मुकेश पटैल को खेल क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य तथा भागवती मेहरा को टीएलएम के उपयोग से उत्कृष्ट शिक्षण कार्य, प्रतिभा मोर्य को बेहतर शिक्षण एवं हरीश मिर्धा को अनुशासित शिक्षण के लिए सम्मानित किया गया। इसके आलवा अन्य शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

# पैसों की लेनदेन की बात पर युवक पर जानलेवा हमला करने वाले पिता पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि लोग छोटी छोटी बातों को लेकर एक दूसरे की जान के दुश्मन बनने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों समीपस्थ ग्राम आमगांव झांझनखेड़ा रोड पर देखने मिली जहां पर पैसों के लेनदेन की बात को लेकर एक युवक के ऊपर पिता पुत्र ने चाकुओं से जानलेवा हमला करते हुये घायल कर दिया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये 4 अक्टूबर की रात पुलिस को सूचना मिली की गाडरवारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमगांव छोटा से झांझनखेडा की ओर जाने वाले मार्ग पर एक युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक की पहुंचान अमित शर्मा के रूप में की गई। वही पुलिस द्वारा घायल युवक को तुरंत उपचार हेतु शासकीय चिकित्सालय लाया गया। जहां पर पुलिस द्वारा युवक से पूछताछ किये जाने पर पता चला की पैसों के लेनदेन की बात को लेकर सोनू पिता भगवानदास वर्मा एवं भगवानदास उर्फ गुड्डा पिता



सुम्मेर वर्मा दोनों निवासी आमगांव छोटा द्वारा पैसों के लेनदेन की बात को लेकर उसके ऊपर चाकूओं से हमला करते हुये मौके से भाग गये है। घटना को लेकर पुलिस द्वारा आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया। वही जिला पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीना द्वारा मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये हत्या के प्रयास के आरोपियों शीघ्र गिरफ्तार करने के लिये आदेशित किया गया। इस तरह अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के निर्देशन तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में टीम बनाई गई जिसमें मुख्य रूप से उप निरीक्षक अमित गोटिया, प्रधान आरक्षक राम गोपाल राजपूत, वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, बाल कृष्ण रघुवंशी बल्लू, सुजीत बागरी, ऐश्वर्य वेंकट, सृजल भार्गव, राम सिंह को शामिल किया गया। इस टीम द्वारा आरोपियों की खोजबीन करने के लिये अपना मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुये ग्राम नांदनेर के पास घेराबंदी करते हुये घटना के मात्र 12 घंटे के अंदर पकड़ने में सफलता हासिल करते हुये आरोपियों को मा. न्यायायल के समक्ष पेश किया गया।

# कौड़िया मार्ग स्थिति देवी मंदिर पर आयोजित हुये विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने की प्रसादी ग्रहण





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** कहा जाता है कि माँ भवानी के भोग का एक दाना भी यदि कोई व्यक्ति ग्रहण कर लेता है तो उसकी जीवन सफल हो जाता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये सोमवार को व्रत शरद पूर्णिमा के मौके पर आयोजित हुये कौड़िया मार्ग स्थित देवी मंदिर के विशाल भंडारे में क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर जहां माता रानी की दर्शन करते हुये आर्शीवाद लिया गया और भंडारे में शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की गई। ज्ञात हो कि यहां पर गाडरवारा शहर के पूर्व पार्षद सुनील ठाकुर के आलवा अन्य देवी भक्तों द्वारा प्रतिवर्ष नवरात्र के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन कराया जाता है। इसी प्रकार से इस वर्ष भी बीते हुये सोमवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित हुये इस विशाल भंडारे में क्षेत्र की सैकड़ो देवी स्वरूपा कन्याओं के आलवा अधिकारियों नेताओं से लेकर हजारों महिला पुरूषो द्वारा भंडारे की प्रसादी को ग्रहण करते हुये अपने आपको धन्य किया।

# अलग अलग स्थानों से जप्त की गई अवैध शराब

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शराब का अवैध कारोबार शहर के साथ साथ अब गांवों में फैलने के कारण युवा पीढ़ी इस नशे की गिरप्त में समाते हुये दिखाई देने से नही बच पा रही है। इसी के चलते पुलिस द्वारा बीते हुये दिनों अलग अलग जगहों से अवैध शराब पकडने की कार्यवाही की गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम बरांझ में एक महिला के पास से 30 पाव गोवा व गाडरवारा कुचबंदिया मुहल्ला में एक महिला के पास से 5 लीटर कच्ची व समीपस्थ ग्राम उकास घाट में वही के निवासी हलकन पिता रघुवीर ठाकुर के पास से 15 पाव देशी शराब तथा विजय पिता कालूराम वंशकार निवासी जगदीश वार्ड के पास से 5 लीटर कच्ची व राकेश पिता राधे श्याम कुर्मी निवासी सुभाष वार्ड के पास से 5 लीटर। वही नगर के हनुमान वार्ड में भालेश्वर



पिता मूलचंद राय निवासी सुभाष वार्ड के पास से 5 लीटर, नगर के रायल्टी आफिस के पास प्रेम शंकर पिता प्रहलाद नौरिया निवासी चुंगी नाका के पास से 4 लीटर, नगर के रानी लक्ष्मी बाई वार्ड में पप्पू पिता फूलचंद नामदेव निवासी माता वार्ड के पास से 5 लीटर कच्ची तो सुभाष वार्ड में एक महिला के पास से 5 लीटर कच्ची तथा कुचबंदिया मुहल्ला में अनिल पिता जीवन लाल ठाकुर निवासी शास्त्री वार्ड के पास से 5 लीटर तथा दिब्बू पिता करोडी धानक निवासी बीटीआई स्कूल के पास से 5 लीटर कच्ची, तुलसी पिता उद्दी धानक निवासी महाराणा प्रताप वार्ड के पास से 5 लीटर कच्ची व डब्बल पिता कालूराम काशीराम बंशकार निवासी जगदीश वार्ड के पास से 5 लीटर व पुराना बस स्टेन्ड के पास हेमराज पिता भवानी लोधी उम्र 28 साल निवासी सूकरी के पास से 30 पाव देशी तथा नगर के स्ट्रीट हाईवे ढावा पीजी कालेज के सामने अनिल उर्फ अन्नू पिता हर गोविंद रजक उम्र 43 साल निवासी भगत सिंह वार्ड को अपने ढावे में शराब रखते हुये विक्रय करते हुये पाये जाने पर पुलिस ने आरोपी के पास से 30 पाव देशी शराब जप्त की गई। इसी प्रकार से समीपस्थ चीचली पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र के ग्राम गांगई में संजय कुमार पिता मनीराम अहिरवार के पास से 5 लीटर कच्ची तथा देवरी बैरागढ एक महिला के पास से 5 लीटर, ग्राम देवरी में चंद्रभान पिता रामचरण मेहरा के पास से 5 लीटर, ग्राम गांगई में वही के निवासी चैनसिंह पिता नर्मदा अहिरवार के पास से 5 लीटर शराब जप्त की गई। वही डोगरगांव पुलिस द्वारा भी ग्राम सिल्हेटी में वही के निवासी बबलू पिता बाल किशन रजक के पास से 11 पाव देशी जप्त की गई। वही

सांईखेड़ा पुलिस द्वारा ग्राम मुंआर में वही के निवासी प्रहलाद पिता तखत सिंह पटैल उम्र 40 साल के पास से 30 पाव दंशी शराब व राजेश पिता नारायण सिंह के पास से 30 पाव देशी प्लेन तो ग्राम मेहरागांव में वही के निवासी नरेन्द्र उर्फ बड्डू पिता श्रीलाल राजपूत के पास से 7 बीयर की वाटल, 7 पाव अंग्रेजी शराब 24 पाव देशी शराब जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 34 आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# आटो चालक आमजन की जिन्दगी को डाल रहे खतरे में, प्रशासन की चुप्पी से हो रहे हौसले बुलंद

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां एक ओर आये दिन पुलिस प्रशासन के अधिकारियों को शहर से लेकर बाहरी मार्गो पर दो पाहिनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये जरूर देखा जाता है। इस कार्यवाही के चलते निश्चित ही लोगों की मनमानी पर अंकुश लगता है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि आटों चालकों द्वारा की जाने वाली मनमानी को नजर अंदाज क्यों किया जा रहा है जो खुलेआम अपने आटों में ओबर लोडिंग करते हुये लोगों की जिन्दगी के साथ खिलबाड़ करने से नही चूक रहे है। यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो शहर के अंदर आटों चालकों के हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है कि वह चार यात्रियों की क्षमता के साथ सबारी ढोने की अनुमति के बीच अपने आटों में दस दस सबारी भेड बकरी की तरह भरते हुये पुलिस थाने के सामने से



फर्राटे मारते हुये खुलेआम निकलने के बाद भी कार्यवाही न होना निश्चित तौर से आटों चालकों की मनमानी पर उनके हौसले बुलंद होने से नही चूक रहे है? मामला यहां तक ही सीमित नही रह गया है इन आटों चालकों की मनमानी का दूसरा उदाहरण नगर के रेलवे स्टेशन से शहर की ओर आने वाले मार्ग पर लगी हुइ चाय पान दुकानों के सामने उस समय देखने मिलता है जब आटों चालक अपने आटों को मुख्य मार्ग पर खड़ा करते हुये चाय पान दुकानों पर खड़े होकर गप्पे मारते हुये देखे जाते है और इस स्थिति में आम लोगों के लिये आने जाने में परेशानियों का सामना करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। वही शहर के अंदर का हाल तो इस तरह होता है कि आटों चालक अपने सबारियों को बैठाने या फिर उतारने के लिये सड़क पर चलते चलते अचानक कही भी रोकने से नही चूकते है। इस स्थिति में जब आटों के पीछे कोई वाहन जा रहा होता है और अचानक इन आटों के मुख्य मार्ग पर रोक देने की स्थिति में आटों के पीछे चलने वाला वाहन दुर्घटना ग्रिस्त होने से नही चूक पाता है..? जबकि नियम के अनुसार जब कही कोई सबारी बैठाना या फिर उतारना होता है तो आटों को सड़क किनारे खड़ा करना चाहिये मगर इन आटों चालकों की मनमानी इस तरह से देखने मिल रही है कि वह खुलेआम सड़क के बीचों बीच अचानक आटों को रोकते हुये लोगों की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहे है। इस संबंध में जब आटो चालक संघ के अध्यक्ष अमित दुबे से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि आटों चालकों द्वारा ओबर लोड़गि सबारियाँ भरने के साथ इस तरह सड़को के बीचों बीच की जाने वाली मनमानी को लेकर अनेकोबार अधिकारियों को आवेदन देते हुये कार्यवाही की मांग की जा चुकी है। मगर अधिकारियों द्वारा कार्यवाही नही किये जाने का परिणाम है कि आटों चालक अपनी मनमानी पर उतारू हो रहे है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब आटों चालक संघ अध्यक्ष द्वारा खुद ही आटों चालकों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिये कार्यवाही की मांग करने से नही चूक रहे है इसके बाद भी प्रशासन द्वारा सच्चाई को नजर अंदाज करने का मलतब है कि अधिकारी खुद ही सड़क दुर्घटनाओं का बढ़ावा देने की सोच रखे हुये प्रतीत होने से नही चूक रहे है....?

## तेजी से घट रही दुधारू पशुओं की संख्या



**हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा।** अगर इसी रप्तार से दुधारू पशुओं की संख्या घटती रही तो निश्चत ही आने वाले दिनों मे नौमिहालो को दुध के लाले पड सकते है। वह दिन दूर नही जब दूध के दाम आसमान छुने से नही चुकेगें और नगरिक दूध के लिए यहां वहां भटकने मजबूर होगे। किसानो मे दुधारू पशु पालने के प्रति मोहभंग हो जाने से पशुओं की संख्या घटती जा रही है वही सरकार भी इससे अनजान बनी हुई है, जिससे अब किसान भी दूध का उत्पादन करने के बजाय अन्य व्यसाय पर ज्यादा जोर देने लगे है,पशु चिकित्सा विभाग से प्राप्त आंकडो के अनुसार निरंतर पशुओं की संख्या घटती जा रही है और आज स्थिति यह हो गई है कि लोग दुधारू पशु पालने से ही तौबा करने लगे है ,जानकारो का कहना है कि दुधारू पशुओं की निरंतर घटती संख्या एवं पशु पालकों का मोहभंग होने के पीछे पर्याप्त चिकित्सा सुविधा न मिलना चारे के दाम आसमान छूना, गौहत्या चरम पर होना, शासकीय योजनाओं का पालकों को लाभ न मिलना है जिससे अब लोग पशु पालने से कतराने लगे है।

## सरकारी संपत्ति अनुपयोगी साबित होने के साथ स्वच्छता अभियान पर खड़े कर रही सवाल...

**हरिभूमि न्यूज/सिंहपुर छोटा।** विगत कुछ वर्ष पूर्व जिस प्रकार से गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में सांसद, विधायक निधि या अन्य मदों से लाखो रूपए खर्च कर क्षेत्र के गांवों में जो यात्री प्रतिक्षालय बनवाये गए थे, उनकी दशा शोचनीय हो गयी है तथा वे सिर्फ शोपीस बनकर रह गए है। जानकार सूत्रो के अनुसार बसो की आने की प्रतीक्षा के दौरान लोग इनका उपयोग न के बराबर करतें है। हरिभूमि से चर्चा करते हुए ग्रामीणजनों ने बताया कि यात्री प्रतीक्षालयों का निर्माण करते वक्त जगह की उपयोगिता का ध्यान नही रखा गया है। इस कारण कोई उनका उपयोग करना पसंद नही करता है। इस संबंध में क्षेत्र की ग्रामों के जागरूक लोगों का कहना है कि अनेक गांव ऐसे भी है जिनकी सीमा से बाहर यात्री प्रतिक्षालयों का पूर्व में निर्माण हुआ है। इन प्रतिक्षालयों में दरबाजे तक नहीं है और साफ सफाई के अभव में ये बस यात्रियो के बैठने लायक नही रह गए है, चिन्ता की बात यह है कि कई यात्री प्रतिक्षालय असामाजिक तत्वो के बैठक खानो में बदल कर उन्हें शराब पीने के लिये सुरक्षित स्थानों के रूप में तब्दील करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है तो कुछ में लोगों ने इन यात्री प्रतिक्षालयों में अपनी दुकाने लगाकर अतिक्रमण कर लिया है, इनके निर्माण का मकसद पूरा नहीं होने से ये यात्री प्रतीक्षालय शासन के धन की होली खेलने की मिसाल पेश कर रहे है। वही दूसरी ओर कुछ दिनों पहले जिस तरह नेताओं से लेकर अधिकारियों द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत के सपने को पूरा करने के लिये अपने हाथों में झाडू लेकर फोटो खिचवाते हुये देखा गया था।












खबर संक्षेप

## कांग्रेस ने प्राथमिकी दर्ज करने सौंपा ज्ञापन



डिंडौरी। 2 अक्टूबर 2025 को देशभर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मना रहे थे। वहीं करंजिया ब्लॉक में समर्थ नामदेव, प्रकाश यादव एवं निखिल साहू द्वारा नाथूराम गोड़से अमर रहे के नारे लगाये जाने से कांग्रेसजनों में भारी आक्रोश देखा गया। इसी तारतम्य में सोमवार को महेंद्र ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अमरपुर के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पुलिस चौकी अमरपुर में देशद्रोह का प्रकरण दर्ज करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर संदीप शाह परस्ते मंडलम अध्यक्ष अमरपुर, खालिद खान मंडलम अध्यक्ष भानपुर, तोक सिंह मरावी कांग्रेस ब्लॉक प्रभारी, राय सिंह मरकाम अध्यक्ष किसान कांग्रेस, केवल कृष्ण नेटी अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस, लियाकत अली, हरे सिंह पट्टा, देव सिंह भारती विधानसभा अध्यक्ष शहपुरा कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग, गुल्ला सिंह पट्टा सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## गरबा की रात, आज सितारे जमाएंगे रंग



डिंडौरी। नगर का उत्कृष्ट खेल मैदान आज 7 अक्टूबर की रात रोशनी, संगीत और सितारों की चमक से जगमगाने वाला है। इस साल "सेलिब्रिटी गरबा नाइट्स" डिंडौरीवासियों के लिए खास आकर्षण बन गया है। बॉलीवुड और ग्लैमर की दुनिया से जुड़े नामचीन कलाकारों की मौजूदगी में शहर गरबा की थाप पर झूम उठेगा। आयोजन की जानकारी देते हुए मेकला फिल्म्स के प्रोड्यूसर एवं गीतकार रविराज बिलैया ने बताया कि इस कार्यक्रम में दर्शकों को मनोरंजन का बेहतरीन संगम मिलेगा। "आश्रम-3", "गुटरगूँ", "करतम-भरतम" जैसी चर्चित वेब सीरीज और फिल्मों में अपनी पहचान बना चुकी ग्लैमरस अभिनेत्री इशिता त्रिवेदी मंच पर अपनी अदाओं से चार चांद लगाएंगी। वहीं सारेगामा फेम मशहूर सिंगर ऋचा अर्चना अपनी सुरीली आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी। मंच पर स्टाइलिश अंदाज और दमदार एंकरिंग के लिए जानी जाने वाली मॉडल एवं एंकर हर्षिता भी अपनी मौजूदगी से शो की रौनक बढ़ाएंगी। रोशनी और सितारों की चमक के बीच गरबा की धुनों पर नगरवासियों के कदम थिरकेंगे।

## स्कूटी वाहन से गिरकर चार हुए घायल

डिंडौरी। शहपुरा थाना अंतर्गत ग्राम मालपुर में स्कूटी वाहन अनियंत्रित हो जाने से उसमें सवार चालक समेत तीन बच्चे घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में दाखिल कराया गया है। जिला चिकित्सालय चौकी पुलिस को दिए कथन में टीकाराम पिता स्व. निरंजन सिंह परस्ते उम्र 27 साल निवासी ग्राम मालपुर थाना शहपुरा ने बतलाया कि मैं रविवार को अपनी स्कूटी गाडी से अपने भांजा शुभम धुर्वे 06 वर्ष, साक्षी धुर्वे 08 वर्ष एवं बेटी बानी परस्ते के साथ देवनाला से वापस घर आ रहा था। स्कूटी गाडी को मैं चला रहा था। तीनो बच्चे पीछे बैठे थे। सुबह करीबन 10.00 बजे अपने गांव मालपुर में अपने घर के पास पहुंचे थे तभी स्कूटी गाडी अचानक फिसलकर अनियन्त्रित हो गयी एवं हम चारो स्कूटी गाडी सहित गिर गये। हम खुद ही उठे एवं अपने घर जाकर 108 एम्बुलेंस गाडी को फोन कर बुलाया जिससे मैं एवं भांजा शुभम धुर्वे जिला अस्पताल आकर इलाज के लिए भर्ती हुए है। एक्सीडेन्ट में मुझे शुभम, साक्षी एवं बानी को भी चोट लगी है।

## वृद्ध की खून से सना मिला शव



शहपुरा। शहपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुल्लोपुर के पास स्थित रैपुरा पुलिया के समीप उस समय सनसनी फैल गई जब एक अधेड़ व्यक्ति का शव खून से लथपथ अवस्था में मिला। शव मिलने की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद शहपुरा थाना प्रभारी अनुराग जामदार पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और क्षेत्र की घेराबंदी कर जांच प्रारंभ की।पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान भद्दा मरकाम (उम्र लगभग 50 वर्ष) निवासी ग्राम डोभी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मृतक चौराखितौला गांव में एक दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गया था। प्रारंभिक जांच में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या की है।

## शहपुरा जनपद में सियासी संग्राम चरम पर

# 8 अक्टूबर को अध्यक्ष प्रियंका आर्मो के भाग्य का फैसला

जनपद पंचायत शहपुरा की राजनीति एक बार फिर गरमाई हुई है। अध्यक्ष प्रियंका आर्मो के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है।




शहपुरा (डिंडौरी)।

कलेक्टर के निर्देशानुसार इस प्रस्ताव पर 8 अक्टूबर को मतदान कराया जाएगा।सूत्रों के अनुसार, पंचायत सदस्यों के एक समूह ने अध्यक्ष पर कार्यप्रणाली में मनमानी और नीतिगत फैसलों को लेकर असंतोष जताते हुए अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। निर्धारित तिथि को जनपद पंचायत शहपुरा के सभाकक्ष में विशेष बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी निर्वाचित सदस्य भाग लेंगे। मतदान गुप्त मतदान प्रणाली से संपन्न होगा और तत्पश्चात मतगणना कर परिणाम की घोषणा की जाएगी।

अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जनपद क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। अध्यक्ष के समर्थक और विरोधी दोनों ही पक्ष रणनीति बनाने में सक्रिय हो गए हैं। स्थिति को देखते हुए प्रशासनिक अमला भी सतर्क हो गया है।गौरतलब है कि करीब छह माह पूर्व भी अध्यक्ष प्रियंका आर्मो के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, जिसमें वे बहुमत के समर्थन से अपना पद बचाने में सफल रही थीं। अब एक बार फिर उसी मुद्दे पर अविश्वास प्रस्ताव सामने आने से जनपद पंचायत की राजनीति में जबरदस्त सरगर्मी देखी जा रही है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह मतदान न केवल वर्तमान नेतृत्व के भविष्य को तय करेगा, बल्कि आने वाले पंचायत समीकरणों पर भी इसका व्यापक असर पड़ सकता है।

## दस्तावेज़ों की जांच के घेरे में अधिकारी, फिर भी मिला नई जिम्मेदारी का आदेश

डिंडौरी। जिला पंचायत डिंडौरी में पदस्थ सहायक परियोजना अधिकारी (संविदा) राम जीवन वर्मा को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। नियुक्ति के समय प्रस्तुत किया गया मूल निवासी प्रमाण पत्र संदिग्ध पाए जाने के बाद प्रशासनिक स्तर पर जांच तेज हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्मा ने वर्ष 2008 में डिंडौरी में संविदा पद पर पदभार ग्रहण किया था। उस समय राम जीवन वर्मा ने शाजापुर जिले के शुजालपुर तहसील से जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया था। लेकिन हाल ही में तहसीलदार शुजालपुर की रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया कि वर्ष 1996-97 एवं 1997-98 की जनगणना रजिस्टर में उक्त नाम दर्ज नहीं पाया गया। इससे उनके मूल निवासी प्रमाण पत्र की सत्यता संदिग्ध मानी गई। गौरतलब है, कि श्री वर्मा वर्ष 2008 में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संविदा सहायक परियोजना अधिकारी के तौर पर नियुक्त हुये थे, उनके द्वारा शैक्षणिक दस्तावेज और जाति प्रमाण पत्र के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किये गये थे, उसमें मनमानी सामने आई हैं। 18 जून 1996 में बिहार प्रदेश से जारी जाति प्रमाण पत्र में बिहार प्रदेष का निवासी उल्लेख किया गया है, वहीं मूल निवासी के तौर पर मध्यप्रदेश के शाजापुर जिला अंतर्गत सुजालपुर तहसील से 18 अक्टूबर 1996 में जारी मूल निवासी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया था। महज 04 माह के अंदर ही मूल निवासी की भिन्नता में भी बडे सवाल खडे हुये। इसी तरह जब आरटीआई कार्यकर्ता अनिल पटैल द्वारा सुजालपुर तहसील से मूल निवासी प्रमाण पत्र बनने की जानकारी ली गई तो तहसीलदार सुजालपुर द्वारा आरटीआई के तहत प्रदाय किये गये दस्तावेज में उल्लेख किया गया कि इसका कोई प्रकरण पंजीबद्ध नहीं है और मूल निवासी से संबंधित दायरा अभिलेख में मूल निवासी जारी करने का कोई उल्लेख नहीं है। इस मामले में लापरवाही सामने आने पर जिला पंचायत सीईओ डिंडौरी द्वारा रामजीवन वर्मा सहायक परियोजना अधिकारी को आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए संविदा अवधि में वृद्धि नहीं करते हुये संविदा अनुबंध समाप्त कर दिया गया था। इस मामले को लेकर श्री वर्मा न्यायालय की शरण में गए थे। उच्च न्यायालय जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक डब्ल्यूपी 15554/2025 में कोर्ट ने आगामी आदेश तक यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए थे। हालांकि मामला सूचीबद्ध नहीं होने के कारण आगे सुनवाई नहीं हो सकी। बावजूद इसके जिला पंचायत द्वारा पुनः नवीन आदेष जारी किया गया है, जिस पर सवाल उठ रहे हैं। विवाद के बीच जिला पंचायत डिंडौरी द्वारा जारी आदेश में उन्हें मध्यान्ह भोजन योजना एवं सीएम हेल्पलाइन प्रभारी अधिकारी का दायित्व सौंप दिया गया है। जानकारों का कहना है कि जब अधिकारी की नियुक्ति ही संदिग्ध दस्तावेजों पर आधारित है, तो उन्हें ऐसे महत्वपूर्ण दायित्व सौंपना न केवल गलत है बल्कि न्यायिक दृष्टि से भी उचित नहीं कहा जा सकता। यह विवाद न केवल अधिकारी की नियुक्ति पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है बल्कि जिले की प्रशासनिक कार्यप्रणाली और दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया पर भी गंभीर सवाल उठाता है। अब देखना यह होगा कि न्यायालय में इस मामले की सुनवाई होने पर क्या नया मोड़ आता है।

## एसडीएम ने मेडिकल स्टोर का किया औचक निरीक्षण

डिंडौरी।



मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में एक माह में पांच वर्ष से कम उम्र के दस बच्चों की मौत हो जाने के बाद जिला प्रषासन द्वारा भी जिले भर में मेडिकल स्टोर में दबिष देकर जांच की जा रही है। इसी तारतम्य में जिला कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के निर्देशानुसार प्रतिबंधित दवाओं की रोकथाम पर नकेल कसने के लिए प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी हैं। कलेक्टर के आदेश के परिपालन में बजाग अनुविभागीय अधिकारी एसडीएम रामबाबू देवांगन ने रविवार को कस्बा गोरखपुर के भारत मेडिकल स्टोर, शर्मा मेडिकल स्टोर और कुरैशी मेडिकल स्टोर की औचक निरीक्षण कर सरकार द्वारा प्रतिबंधित दवाओं की गहन जांच की जांच में प्रतिबंधित दवाएं नहीं मिलीं और न ही एक्सपायरी डेट की दवाई मिली ।परीक्षण उपरांत एसडीएम ने मेडिकल संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि भविष्य में इस कफ सिरप की बिक्री या भंडारण पाया गया, तो संबंधित संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी मेडिकल संचालकों से लिखित कथन लिया गया है।झोलाछाप डॉक्टरों में मचा हड़कंप रविवार को मेडिकल में निरीक्षण की सूचना फैलते ही क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टरों के बीच हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार कई स्थानों पर यह डर के कारण अवैध क्लिनिक बंद कर छुप रहें। वहीं प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद वे सतर्क हो गए हैं। कार्रवाई के दौरान डॉ अंकित तिवारी मेडिकल ऑफिसर गोरखपुर शमीम खान सहायक आपूर्ति अधिकारी मुंजन सिंह धुर्वे हल्का पटवारी मौजूद रहें।

## समय सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा



डिंडोरी।

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विभागीय कार्यों और योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा बैठक आयोजित की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जेपी यादव, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर अक्षय डिगरसे सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा से हुई, जिसमें कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-सीमा का पालन करते हुए प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों की समस्यायों का निराकारण सरलता से हो सके। कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है कि जिन विभागों की सीएम हेल्पलाइन निराकरण में डी-ग्रेड, बी-ग्रेड पर है वह दो दिवस के अंदर समस्याओं का निराकरण कर ए-ग्रेड में आने का प्रयास करे। साथ ही साथ जिन विभागों के सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण 50 दिवस, 100 दिवस एवं अधिक दिवस वाले प्रकरणों का तुरंत निराकरण किया जाए। समीक्षा के दौरान जनपद पंचायत समनापुर, बजाग, करंजिया, शहपुरा की प्रगति अच्छी न होने पर जनपद पंचायत सीईओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। परिवहन अधिकारी डिंडौरी को, बिना अनुमति के समय सीमा बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा जिन विभागो में सीएम हेल्प लाइन के प्रकरण नॉन अटेंड किये गये उन्हे भी नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए है। अग्रणी बैंक प्रबंधक को भी सीएम हेल्पलाइन के प्रकरण का समय पर निराकरण न करने पर बैंकर्स के संबंधित बैंक मैनेजर के द्वारा लापरवाही करने पर आरएनए संभागीय अधिकारी को पत्र लिखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों की बारीकी से समीक्षा करते हुए जिले में जांच-परीक्षण, दवा की उपलब्धता, अस्पतालों में मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। और आगामी बैठक में विभागीय डॉक्टर, कर्मचारी, स्टाफ नर्स, स्वास्थ्य केंद्र आदि कि जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आयुष विभाग को समन्वय के साथ कार्य करें ताकि लोगों को लाभ प्राप्त हो सके। राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को विशेष ध्यान देकर निराकरण करे। उन्होंने पीएम जनमन आवास योजना की प्रगति पर चर्चा की और जनपद स्तर पर निमार्णधीन पीएम आवासों को प्रदाय की जाने वाली किश्तों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ताकि पात्र हितग्राहियों को शेष राशि का भुगतान सुलभता से किया जा सके। इसी क्रम में उन्होंने प्रत्येक जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर संचालित कर्मयोगी केंद्र की दीवारों पर शासन के दिशा निर्देशों को पेंटिग करने के निर्देश दिए। ताकि आम जनता को शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने अधिकारियों को ग्राम स्तर पर व्यापक जन भागीदारी सुनिश्चित करने और अभियान को सफल बनाने हेतु सक्रिय प्रयास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी समय में आने वाले त्योहारों को ध्यान में रखते हुए मेडिकल स्टोर, क्लीनिक, स्वास्थ्य केंद्र का नियमित जांच करने औषधि निरीक्षक को संबंधित एसडीएम के साथ मिलकर कार्य करने का निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए की किसी भी विभाग की समाचार पत्र पर जानकारी प्रकाशित होने पर उसका वास्तविक जवाब कलेक्टर कार्यालय में जमा करे। ताकि उसका निराकरण किया जा सके। बैठक के अंत में कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जिन विभागों की प्रगति संतोषजनक नहीं है, वहां त्वरित सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे अपनी योजनाओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करें, ताकि सरकार की जनहितकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक समय पर पहुंच सके।




## शहपुरा में प्रतिबंधित कोल्ड सिरप की जांच, मेडिकल स्टोर्स को चेतावनी

शहपुरा - डिंडोरी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में प्रतिबंधित कफ सिरप कोल्डरिफ एवं नेस्ट्रो-डी एस के स्टॉक की जांच के लिए प्रशासनिक टीम ने अभियान चलाया।शहपुरा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ऐश्वर्य वर्मा, एसडीओपी अजय तिवारी, खाद्य निरीक्षक जयंत असराठी, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी गुमान सिंह चौहान एवं राजस्व अमले की संयुक्त टीम ने नगर के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया।जांच के दौरान अधिकारियों ने मेडिकल संचालकों को निर्देशित किया कि प्रतिबंधित कफ सिरप अपने स्टॉक में न रखें तथा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। टीम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इन प्रतिबंधित सिरपों की बिक्री या भंडारण पाया गया, तो संबंधित मेडिकल संचालक के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन की यह कार्रवाई जिले में नकली व हानिकारक दवाओं की बिक्री पर रोक लगाने और नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई है।



## आत्म निर्भर भारत और विकसित भारत को लेकर मंडल अमरपुर की कार्यशाला सम्पन्न

अमरपुर। आत्म निर्भर भारत और विकसित भारत को लेकर अमरपुर मंडल की आवश्यक एक दिवसीय कार्यशाला स्थानीय भाजपा कार्यालय में सम्पन्न की गई। जिसमें भाजपा जिला मंत्री मालती तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अमरपुर आकाश नामदेव ने कहा कि अभी अभी भाजपा के द्वारा सेवा पखवाड़ा सफल रूप से मनाया गया। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाया जिसके लिए आप सभी कार्यकर्ताओं को बहुत बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी एवं आगे आने वाले समय में भाजपा ने हम सबको एक नई जिम्मेदारी दी हैं और वो हैं आत्म निर्भर और विकसित भारत अभियान की जोकि 25 दिसंबर तक संचालित किया जाना हैं। जिसमें हम सब भाजपा कार्यकर्ताओं को तन मन से लगना हैं। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश सफलता की ओर अग्रसर हैं। जिसमें हम सब भाजपा कार्यकर्ताओं का सहयोग अति आवश्यक हैं। आज देश जल्द ही विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा हैं। इसलिए हम सब कार्यकर्ताओं को सहयोग करने की आवश्यकता हैं। जिससे देश आत्म निर्भर बन सके जिसके लिए हम सबको स्वदेशी अभियान को चलाना भी आवश्यक हैं। जिससे हमारे साथ ही भारत भी आत्म निर्भर बने जिससे 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन सके जिसके लिए हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को घर घर अभियान चलाने की जरूरत हैं। आज यहां से जो भी कार्यकर्ता यहां आत्म निर्भर भारत विकसित भारत एवं स्वदेशी अभियान की बाते यहां सुने हैं। उन बातों को लेकर अपने अपने गांव में चौपाल लगाकर करने से भाजपा के आत्म निर्भर भारत विकसित भारत एवं स्वदेशी अभियान को चलाने में सफलता मिलेगी इस प्रकार की बात मंडल अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कही। इसके अलावा कार्यशाला को जिला मंत्री श्रीमती मालती तिवारी एवं भाजपा के वरिष्ठ गुलाब सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया। आयोजित मंडल कार्यशाला में भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश कछवाहा, मंडल उपाध्यक्ष माखन साहू, अमरपुर सरपंच रामनाथ उद्दे, मंडल महामंत्री रामकुमार वनवासी, रितेश उसराठे, मंडल उपाध्यक्ष राजरानी परस्ते, संगति धुर्वे, मनीष ठाकुर, लालसिंह ठाकुर, संदीप पट्टा, रमेश यादव, सूरज यादव, नारायण ठाकुर, सूरज ठाकुर, जगदीश ठाकुर, गन्नू मरावी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सामान्य वन मंडल डिंडोरी द्वारा वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह का आयोजन



डिंडोरी।

सामान्य वन मंडल डिंडोरी के अंतर्गत वन परिक्षेत्र डिंडोरी में सोमवार को पुनीत सोनकर वन मंडल अधिकारी डिंडोरी एवं सुरेंद्र सिंह जाटव उपवन मंडल अधिकारी डिंडोरी के मार्गदर्शन में वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह 2025 कार्यक्रम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं के पंजीयन से प्रारंभ हुआ जिसमें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डिंडोरी, शासकीय हाई स्कूल मुड़की एवं राजूषा हायर सेकेंडरी स्कूल डिंडोरी के छात्र-छात्राओं का पंजीयन हुआ। कार्यक्रम का विषयवस्तु मानव वन्यजीव सह-अस्तित्व एवं जैव विविधता पर रहा है जिसमें दो इवेंट्स चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का रखा गया कुल 32 छात्र-छात्राओं चित्रकला में एवं 20 छात्राओं के द्वारा भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया गया पंजीयन कार्यक्रम के पश्चात छात्र-छात्राओं एवं विद्यालयीन स्टाफ को स्वल्पाहार एवं चाय दिया गया इसके पश्चात निर्धारित समय से चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सफल छात्रो को वन मंडल अधिकारी महोदय एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी प्राचार्य के द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रमाण पत्र के साथ शील्ड प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में अतुल बघेल वन परिक्षेत्राधिकारी डिंडोरी, अश्वनी साहू जैव विविधता क्विज मास्टर डिंडोरी, शिव भजन लाल गोप वनपाल, शिवकुमार सांडया वनपाल, उदयभान मरावी वनपाल, सोमनाथ सिंह भारतीय वनपाल, नितिन सिंह मार्को वनपाल, शोभित राम बनवासी वनरक्षक, अमृतसिंह मसराम, पुन्नू लाल धुर्वे, टेक सिंह धुर्वे, मान सिंह मरावी, श्यामाचरण, भागचंद कश्यप, रामजीधर बढ़गैया, संजय मार्को, प्रमोद कुमार परस्ते, अरुण कुमार ठाकुर, श्रीमती खुशबू मरावी, श्रीमती गीता पेंद्रो, एवं प्रमोद दुबे उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## आर एस एस का विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचालन आज

**तेंदूखेड़ा।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है।इस मौके पर श्री विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचालन कार्यक्रम आज तेंदूखेड़ा में समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है। कलश गार्डन परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में श्री विनोद नेमा सह प्रांत कार्यवाह महाकौशल प्रांत एवं वरिष्ठ गायत्री परिजन डा एन एस पटेल भी रहेंगे। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी अनुसार बौद्धिक कार्यक्रम के उपरांत पथ संचलन नगर के मुख्य मार्गों से निकाला जायेगा।

## भावांतर योजना भुगतान को लेकर दी गई जानकारी



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस कृषि उपज मंडी परिसर में प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड एवं कलेक्टर के निर्देश अनुसार सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के संबंध में नवागत SDM भारसाधक अधिकारी सुश्री पूजा सोनी एवं नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा की उपस्थिति में कृषि विस्तार अधिकारी बी एम साहू मंडी निरीक्षक विनोद अग्रवाल उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डालचंद पटेल राजीव अग्रवाल शिवदयाल खेरोनिया श्याम सिंह ठाकुर सहित कृषक बंधुओं व्यापारी बंधुओ की एक बैठक आयोजित की गई है जिसमें भावांतर योजना के बारे में काफी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

## निमी महाराज जयंती पर वाहन रैलीं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नेमा समाज के गौरव व आदिकुल प्रवर्तक श्री निमी जी महाराज जयंती के भव्य आयोजन उपलक्ष्य मे विस्तृत कार्ययोजना की तैयारी को अंतिम स्वरुप प्रदान करने हेतु आवश्यक बैठक विगत रविवार को रखी गयी । बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष एड. रामगोपाल नेमा द्वारा की गई।

**एम.आई.एम.टी. कॉलेज एवं नरसिंहपुर लाइव का संयुक्त आयोजन**

# दो दिवसीय अंतर्नाद गरबा महोत्सव संपन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** एम.आई.एम.टी. कॉलेज एवं नरसिंहपुर लाइव द्वारा शारदेय नवरात्र के पावन पर्व पर दो दिवसीय अंतर्नाद गरबा महोत्सव का आयोजन स्थानीय होटल अरिहंत श्री में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ पं. मैथिलीशरण तिवारी, अध्यक्ष भारत कृषक समाज नरसिंहपुर के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में खुमान सिंह पटेल अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद, चै. चन्द्रशेखर साहू समाजसेबी, इंजी. रूद्रेश तिवारी चेयरमेन एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर, डॉ. अशोक कुमार गर्ग प्राचार्य, रोटे. प्रसून धौरेलिया पूर्व असि. गवर्नर रोटरी क्लब नरसिंहपुर, रोटे. मनीष जैन डायरेक्टर होटल अरिहंत श्री, ठा. आकाश सिंह अध्यक्ष आशादीप संस्था तथा इंजी मनीष इंदोलिया डायरेक्टर नरसिंहपुर लाइव, रोटे. मयंक मनोहर साहू तथा घनष्याम इंदोलिया उपस्थित रहें। इंजी रुद्रेश तिवारी ने अपने उद्बोधन में उपस्थित जनसमुदाय का स्वागत करते हुए अंतर्नाद गरबा महोत्सव के आयोजन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए गरबा महोत्सव को भारतीय संस्कृति में माँ जगतजननी की आराधना का श्रेष्ठ



माध्यम बताया। आपने अपने उद्बोधन में सनातन परम्परा के संरक्षण तथा संवर्धन की दिशा में युवाओं को प्रोत्साहित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन, दीप प्रज्जवलन एवं गरबा पूजन के साथ किया गया।

### प्रतिभागियों द्वारा दी गई मनमोहक प्रस्तुति

कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा एकल, युगल एवं पारिवारिक गरबा प्रस्तुति दी गई। नवरंग ग्रुप द्वारा शक्ति आराधना पर केन्द्रित मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का आयोजन नरसिंहपुर लाइव द्वारा तथा प्रायोजन एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में नरसिंहपुर लाइव द्वारा चेयरमैन इंजी. रुद्रेश तिवारी को विशेष आभार पुरस्कार एवं प्राचार्य डॉ. अषोक कुमार गर्ग को प्रायोजक संस्था हेतु सम्मानित किया गया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम का संचालन डॉ. पराग नेमा, श्रीमती आराधना दुबे, सुश्री दीक्षा केवट तथा एंकर सुश्री पलक तिवारी तथा आभार प्रदर्शन इंजी. रुद्रेश तिवारी द्वारा किया गया। निर्णायकों की भूमिका में श्रीमती माधुरी पटवा, सुश्री विजेता सिधना, श्रीमती नीरू जोशी, सुश्री कृतिका झारिया, सुश्री दीक्षा केवट, श्रीमती शिखा पटेल, श्रीमती रंजना श्रीवास्तव, श्रीमती रक्षा पालीवाल, श्रीमती गायत्री शर्मा, श्रीमती मोनिका तिवारी, श्रीमती रूचि जायसवाल, श्रीमती प्रीति गोस्वामी, श्रीमती रजनी राजोरिया एवं श्रीमती सरिता जाट रहीं। कार्यक्रम में प्रो. सी.एस. तिवारी, श्रीमती प्रतिमा तिवारी, श्रीमती कृष्णा तिवारी, श्रीमती आरती मानसाता, श्रीमती अर्चना तिवारी, प्रसून धौरेलिया, श्रीमती सोनाली धौरेलिया, श्रीमती नीति नेमा, अखिलेष शर्मा, राजा ओसवाल, मुकेश नेमा, एड. विष्णु श्रीवास्तव, मनीष गुप्ता, सजल नेमा, एड. प्रमोद दुबे, ठा. नंदकिशोर, रामसेवक गुमास्ता, श्रीमती कुसुम साहू, श्रीमती जया शर्मा, श्रीमती स्वीटा राजा ओसवाल, श्रीमती बाली नेमा, संजय पचैरी, कमल तिवारी, नीलेष जाट, सुषांत पुरोहित, देवेन्द्र पाठक, श्रीमती दिव्या आडवानी, सुषील नेमा, नृपेन्द्र इंदोलिया, प्रशांत पाण्डे सहित समस्त रोटेरियन, गणमान्यजन एवं महाविद्यालय स्टॉफ की विषेष उपस्थिति रहीं।

**समाज की असली ताकत हमारे बुजुर्ग - श्री पटेल**

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजनांतर्गत सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम में सोमवार को किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने 96 वृद्धजनों को विभिन्न सहायक उपकरण प्रदान कर हितलाभ प्रदान किए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, रामसनेही पाठक, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और वृद्धजन मौजूद थे। विधायक श्री पटेल ने कहा कि समाज की असली ताकत हमारे बुजुर्ग हैं। इन्हीं की मेहनत, त्याग और संस्कारों से आज हम सब इस विकास यात्रा का हिस्सा हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा वृद्धजन सहायक उपकरण वितरण योजना, दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिक सशक्तिकरण अभियान और सेवा पखवाड़ा जैसे कार्यक्रम शुरू किए गए हैं, ताकि समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे पात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कहा कि सभी जरूतमंद लोगों की जरूरतों को पूरा करने और लोगों की बेहतरी के लिए सरकार विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। महिलाओं, वृद्धों, दिव्यांगों सहित सभी के लिए अलग- अलग योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज वृद्धजन दिवस का आयोजन किया जा रहा है, ताकि वृद्धजनों और दिव्यांगजनों को उनकी सहूलियत के हिसाब से सहायक उपकरण प्रदान कर सकें।

## भारत सरकार के मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने शोक व्यक्त किया



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार रविवार को एवं प्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग शनिवार को गोटेगांव में प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल और सरदार सिंह पटेल के निवास में पहुंचकर उनकी माता स्वर्गीय श्रीमती यशोदा पटेल के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर परिजनों से भेंटकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## दस्त व हैजा फैल जाने से 41 लोग बीमार



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले के ग्राम उमरिया में उल्टी-दस्त व हैजा फैल जाने से लगभग 41 लोग बीमार हो गए। बीमारी का इलाज शासकीय जिला अस्पताल नरसिंहपुर सहित अन्य निजी अस्पतालों में जारी है। इस संक्रामक बीमारी के फैलने के बाद स्वास्थ्य विभाग सहित पीएचई विभाग में हड़कंप की स्थिति बन गई। आनन फानन स्वास्थ्य विभाग एवं पीएचई विभाग की टीम ग्राम पहुंची और वहां का दौरा किया। बताया जाता है कि यह बीमारी दूषित पानी पीने के कारण फैली है, ग्राम उमरिया में बीते तीन दिन पहले ही पानी की टंकी की साफ सफाई की गई थी। बावजूद इसके लोगों में संक्रामक बीमारी फैलने के बाद पीएचई विभाग पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं।

# किसानों ने विशाल बाइक रैली निकालकर अपनी समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**तेंदूखेड़ा।** सोमवार को राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ के किसानों ने बड़ी संख्या में कृषि उपज मंडी परिसर में एकत्रित होकर एक विशाल वाइक रैली नगर के मुख्य मार्गों से निकाली। मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन नवागत एस डी एम पूजा सोनी को सौंपते हुए स्पष्ट किया गया है कि जिले के अधिकांश किसानों को मूंग का भुगतान एवं विलिंग नहीं हुई है। शीघ्र कराया जाये। अतिवृष्टि और पीला मोजेक से नष्ट हुई खरीफ मौसम की फसलों का सर्वेक्षण कर मुआवजा दिया जाए चिनकी वैराज वौरास परियोजना के क्लस्टर बी एवं सी के नक्शे के अनुसार तेंदूखेड़ा तहसील के सूखाग्रस्त बहुत से ग्रामों मौजों के किसान वंचित रह गए हैं उन्हें शीघ्र जोड़ा जाए विद्युत कृषि पंपों में हार्सपावर वृद्धि को पूर्ववत किया जाये घरेलू बिलों में सुधार किया जायेगा उपभोक्ताओं पर दर्ज प्रकरण वापस लिए जायें गुटोरी और बिल्थारी पावर हाउस की क्षमता वृद्धि की जाये। सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में डी ए पी यूरिया का भंडारन किया जाये। मप्र में भावांतर की जगह समर्थन मूल्य पर खरीदी हो। गन्ना पिराई के दौरान



450 रुपये प्रति क्विंटल किसानों को भुगतना किया जाये शक्ति शुगर मिल कोड़ियां का 20 रुपए प्रति क्विंटल भुगतान वकाया पड़ा है शीघ्र भुगतान किया जाये।आवारा निराश्रित मवेशियों जंगली जानवरों द्वारा किसानों की फसलों को चौपट किया जा रहा है सभी गौ शालाओं में गौ वंश को संरक्षित किया जाये तथा फसलों को चौपट करने का मुआवजा भरपाई करवाई जाये। मक्का खरीदी का रजिस्ट्रेशन कराकर समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाये। तेंदूखेड़ा में सहकारिता खाद्य भंडारन गोदाम से वितरण किया जाये।धान का समर्थन मूल्य 3100 सौ और गेंहू का 3000 हजार रुपए किया जाये।स्थाई कनेक्शन की दूरी बाध्यता खत्म की जाये तथा 5 रुपए में कनेक्शन प्रदान किया जाये उपरोक्त सभी मांगे यदि शीघ्र पूर्ण नहीं की जाती है तो राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ द्वारा उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।

# एक में और एक तू कृति का हुआ विमोचन




**तेंदूखेड़ा ।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा क्षेत्र की शिक्षिका कवियत्री प्रगति पटेल अंशु एवं वंदना पटेल बंदिता द्वारा लिखित पुस्तक एक में और एक तू पुस्तक का विमोचन समारोह पूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बाबूलाल दुबे सुधा भार्गव तथा गाडरवारा के वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। सुनील तन्हा द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। पुस्तक की लेखिका प्रगति पटेल और वंदना पटेल द्वारा स्वागत की औपचारिकतायें पूर्ण की गई। कवयित्री प्रगति पटेल अंशु वंदना पटेल बंदिता ने मुक्तक संग्रह पर अपने अनुभव साझा किए। पुस्तक प्रकाशन हाउस स्वयं प्रभा प्रकाशन के निर्देशक सतीश तिवारी सरस द्वारा इस साझा मुक्तक संग्रह के लिए दोनों कवियत्री को रचनाकार सम्मान के रूप में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। चेतना संस्था द्वारा भी रचनाकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि रचनाकार अपनी रचनाओं में अपने मन की पीड़ा को लिखना है यही रचनाएं उसे नैराश्य से बचाती हैं। इसलिए पाठक को भी किसी पुस्तक को पढ़ना ही नहीं समझना भी जरूरी होता है।आज वास्तव में सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक का आधुनिक युग आ गया है। जिसके कारण रिश्ते व व्यवहार सीमित दायरे तक सिमटकर कर रहे गए हैं। जिसका साफ तौर पर आज नजारा देखने मिल रहा है। कवियों द्वारा अपनी लेखनी में उन सभी मुख्य बिंदुओं को समाहित किया जाता है जो खुद के मन से लेकर सामने वाले के मन तक अच्छी सोच अच्छी विचारों को विकसित कर सकें। मुख्य अतिथि बाबूलाल दुबे और सुधा भार्गव ने अपनी बात रखते हुए कहा कि वास्तव में कवि अपनी मन की पीड़ा को लिखता हैं । कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं द्वारा भी संबोधित करते हुए अपने विचार साझा किए गए। कार्यक्रम में कवियों द्वारा हास्य व्यंग्य से ओत प्रोत कविताएं मुक्तक व गजल गीत कहानी आदि भी साझा किए गए। इस अवसर पर आर बरसैंया नगेन्द्र त्रिपाठी डॉ.मंजुला शर्मा कोमल सिंह पटेल गोठल सिंह पटेल शीतल पटेल पुष्पलता पटेल डॉ. पी.डी. शुक्ला चन्द्रकला पटेल प्रीतिलता शुक्ला मदन पटेल आरती पटेल राजेन्द्र चौधरी तुलसीराम पटेल नंदराम धाकड़ अजमेर गंगोलिया नीलेश पाली राहुल पाठक स्वाति धाकड़ शोभा गंगोलिया की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक व वरिष्ठ कवि विजय नामदेव बेशर्म ने आभार कवियत्री प्रगति पटेल के द्वारा किया गया।

# क्षत्रिय राजपूत सभा की युवा इकाई के अध्यक्ष का हुआ चयन, राजेश राजपूत बने नये अध्यक्ष

**नरसिंहपुर/गोटेगांव।** क्षत्रिय राजपूत सभा गोटेगाँव की युवा इकाई का अध्यक्ष का पद कई वर्षों से रिक्त था जिसको लेकर विगत 2 अक्टूबर को आयोजित दशहरा मिलन समारोह में राजपूत क्षत्रिय बंधुओ ने इस विषय पर चिंता जाहिर की जिस पर संज्ञान लेते हुए क्षत्रिय राजपूत सभा के संगठन के संरक्षक मंडल ने निर्णय लिया कि अब राजपूत क्षत्रिय सभा की युवा इकाई का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया जाए।जिसको लेकर रविवार 5 अक्टूबर को स्थानीय माँ गार्डन में एक अहम बैठक आयोजित कई की गई जिसमें क्षत्रिय राजपूत सभा द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद का चुनाव करते हुए ठा.राजेश राजपूत को युवा इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।अध्यक्ष पद को लेकर दो नाम सामने आए थे लेकिन दोनों उम्मीदवारों ने आपसी सहमति से संगठन को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए एक उम्मीदवार



के नाम पर सहमति बनाई, समाज के युवा ठा.सूर्यप्रताप सिंह का नाम भी अध्यक्ष पद के उम्मीदवार के तौर पर चर्चाओं में था, लेकिन उन्होंने आपसी सहमति से संगठन के हित में अपना नाम वापस लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाई, उनके इस कदम से क्षत्रिय राजपूत सभा में उनके इस कदम की सराहना की जा रही हैं। नये अध्यक्ष का कार्यकाल 2 बर्ष का होगा जिसमें उन्हें कुछ अहम कार्य करने होंगे, राजपूत समाज को एकत्रित करना ओर सामाजिक कार्यों में कम होती राजपूतों की संख्या जिन्हे एक मंच पर लाना बड़ी चुनौती होगी।नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने अपने चयन पर संगठन, संरक्षक मण्डल सहित समाज के बरिष्ठ जनों का आभार व्यक्त किया साथ ही उन्होंने कहा कि समाज के हित में जो भी जरूरी होगा उसे पूरी ईमानदारी ओर कर्तव्य निष्ठा के साथ निभाने का पूरा प्रयास करूँगा।ठा. राजेश राजपूत के चयन पर उपस्थित सभी स्वजातीय बंधुओ ने उन्हें शाल श्रीफल भेंट कर पुष्प माला से स्वागत किया गया, ओर उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनायें प्रेषित कीं। क्षत्रिय राजपूत सभा की इस बैठक में राजपूत समाज के कई बरिष्ठ जन मौजूद रहे, जिनमें क्षत्रिय राजपूत सभा के संरक्षक मण्डल के ठा. इंद्रभूषण सिंह मानेगांव, ठा. सरदार सिंह राजपूत गोटेगाँव, क्षत्रिय राजपूत सभा गोटेगाँव के अध्यक्ष ठा. द्वारका सिंह, ठा. राघवेंद्र सिंह, ठा. सुरेंद्र सिंह, ठा. कृष्ण कुमार सिंह, ठा. कमल सिंह, ठा. नीरेंद्र सिंह, ठा. ईश्वर सिंह, ठा. आजाद सिंह, ठा.रनजीत सिंह, क्षत्रिय राजपूत सभा के जिला मीडिया प्रभारी ठा.मोहन सिंह राजपूत सहित कार्यकारिणी के बिभिन्न सदस्य एवं क्षत्रिय बंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे, सभी ने नवनियुक्त अध्यक्ष को शुभकामनायें एवं बधाइयाँ प्रेषित की।

# गोटेगांव सोसायटी में प्रबंधक राज, किसान परेशान, मनमानी ड्यूटी, खाद में पक्षपात, उपार्जन में दलालों से साठगांठ का गंभीर आरोप

**गोटेगांव/कामती इमलिया (नरसिंहपुर)।** जिले की गोटेगांव कमती इमलिया सहकारी समिति में पदस्थ प्रबंधक पर गंभीर अनियमितताओं और मनमानी का आरोप लगा है। किसानों ने सोसायटी प्रबंधक पर ड्यूटी में हफ्तों गायब रहने, खाद-यूरिया के वितरण में पक्षपात करने, छोटे किसानों को परेशान करने और अनाज उपार्जन के दौरान दलालों से साठगांठ करके कमीशनखोरी करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। ड्यूटी में मनमानी, खाद-यूरिया के लिए भटकते किसान-स्थानीय किसानों के अनुसार, सोसाइटी प्रबंधक अपनी मनमर्जी से ड्यूटी करते हैं, जिसके चलते वह हफ्तों तक सोसाइटी से गायब रहते हैं। प्रबंधक की इस कार्यशैली के कारण किसानों को समय पर खाद और यूरिया नहीं मिल पाता और वे कृषि की महत्वपूर्ण जरूरतों के लिए भटकने को मजबूर होते हैं। किसानों का स्पष्ट आरोप है कि प्रबंधक सिर्फ अपने चहेतों और बड़े किसानों को ही खाद-यूरिया मुहैया कराते हैं, जबकि छोटेकिसानों को सिर्फ टालमटोल कर परेशान किया जाता है। इससे सोसाइटी का मूलभूत उद्देश्य ही प्रभावित हो रहा है।उपार्जन बना कमाई का जरिया दलालों



का कचरा माल अंदर-शिकायत के अनुसार, प्रबंधक की रुचि केवल अनाज उपार्जन के कार्यों में होती है, क्योंकि यह उनके लिए कमाई का जरिया है। उपार्जन के समय वह केंद्र पर बराबर मौजूद रहते हैं और उन पर दलालों से साठगांठ करने का सीधा आरोप है। गंभीर बात यह है कि कमीशन के चक्कर मेंदलालों का कचरा माल भी केंद्र में स्वीकार कर लिया जाता है, जबकि अच्छी और उच्च गुणवत्ता वाली उपज लाने वाले किसानों को जानबूझकर परेशान किया जाता है। किसानों का दावा है कि उन्हें अपनी उपज का उचित दाम पाने के लिए प्रबंधक की मुराद पूरी (रिश्वत या कमीशन) करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके विपरीत, ऋण वितरण और वसूली जैसे किसानों से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों में प्रबंधक की कोई रुचि नहीं रहती, जिससे सहकारी समिति का पूरा तंत्र चरमरा गया है।गोचर वेयरहाउस में भी लगे थे धांधली के आरोप प्रबंधक की कार्यप्रणाली पर पहले भी सवाल उठ चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, पूर्व में जब उनकी ड्यूटी गोचर वेयरहाउस में थी, तब जांच के दौरान कई स्टिक माल फेल हुआ था। आरोप है कि उस समय वेयरहाउस मालिक का स्वास्थ्य बिगड़ने का बहाना बनाकर मामले को रफा-दफा कर दिया गया था और खराब उपज को भी सरकारी स्टॉक में थमा दिया गया, जिसका कमीशन प्रबंधक ने चखा।

# गोटेगांव से पूरे प्रदेश में गूंजा दुग्ध समृद्धि अभियान

**गोटेगांव।** पशुपालकों की आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की शुरुआत नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव से की।इस अभियान का शुभारंभ प्रदेश के पशुपालन मंत्री लखन सिंह पटेल ने गोटेगांव स्थित कपिल दुबे के दुबे डेयरी फार्म से किया। मंत्री पटेल ने पशुपालकों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि "दूध उत्पादन केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि गांव-गांव की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है।" उन्होंने आगे कहा कि "पशुपालक केवल दूध नहीं बेचते, बल्कि गांव की खुशहाली और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करते हैं। यह अभियान हर पशुपालक को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।"मंत्री पटेल ने



आगे कहा कि शासन द्वारा पशुपालकों को बेहतर नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य, पोषण और विपणन संबंधी मार्गदर्शन दिया जाएगा। उन्होंने विश्वास दिलाया कि इस अभियान से दुग्ध उत्पादन में प्रदेश एक नई ऊँचाई छुएगा।उन्होंने विश्वास जताया कि इस अभियान के माध्यम से पशुपालकों को आधुनिक तकनीक, बेहतर पशु-पालन पद्धति और विपणन की जानकारी मिलेगी, जिससे हर पशुपालक समृद्धि की ओर अग्रसर होगा। अभियान में पशुपालन विभाग के अधिकारी डॉ. सुनील बगड़िया, डॉ. प्रमोद मुरारिया डॉ विजय वरिष्ठ पशु चिकित्सक गोटेगांव गौरक्षक दीपक अग्रवाल देवी सहित जिले के अनेक पशुपालक डॉक्टर उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर उत्साह और उम्मीद का ऐसा माहौल रहा मानो गोटेगांव से पूरे प्रदेश में दुग्ध क्रांति का नया अध्याय लिखना शुरू हो गया हो।